| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**रंजीत सिंह राठौड़**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाडा)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353148203504697 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 26/09/25 | अपीलार्थी रंजीत सिंह राठौड़ निवासी 199, हनवंत ए बीजेएस कॉलोनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 22.08.2025 को ग्राम–पटेल नगर, तहसील बिलाड़ा, जोधपुर में दिनांक 20.08.2025 को सरकारी रास्ते खसरा नंबर 1473 व 1555 पर की गई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही और रास्ता खोलने की कार्यवाही का संपूर्ण मौका फर्द रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाडा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाडा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) अनुपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार बिलाडा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाडा) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर<br><br>Signature valid<br>Digitally signed by Gaurav Agrawal<br>Designation: Collector & District Magistrate<br>Date: 2025.09.2? 13:00:04 IST<br>Reason: Approved | |

RajKaj Ref No.:
18013013